भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

***

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3291

(सोमवार, 09दिसम्बर, 2019/18 अग्रहायण, 1941 (शक)

चुनावी बांड

3291. श्री संतोख सिंह चौधरी:

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मंत्रालय को चुनावी बांड जारीकरने के संबंध में नियमों को तोड़ने के लिए कोईनिर्देश मिला है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है औरइस पर मंत्रालय की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या मंत्रालय ने विधान सभा चुनावों केलिए चुनावी बांड की अनिर्धारित बिक्री की अनुमतिदी है औरयदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या चुनावी बांड ने राजनीतिक चंदे मेंभ्रष्टाचार को बढ़ाया है और यदि हां , तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वित्त राज्य मंत्री (श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क): प्रश्न नहीं उठता क्योंकि चुनावी बांडों के प्रत्येक निर्गमन के लिए सक्षम स्वीकृतियां ली गई थीं।

(ख): प्रश्न नहीं उठता।

(ग): जी, नहीं। सभी निर्गमनों की निर्धारित बिक्री सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से की गई थी। समय-समय पर अग्रिम तौर पर जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अनुसूची के बारे में सूचना सार्वजनिक की गई थी।

(घ): नकद रूप में चंदे की पूर्ववर्ती संपूर्ण अपारदर्शीप्रणाली की तुलना में, जहां चंदा देने वाला, चंदा लेने वाला, चंदे की मात्रा और उसके खर्च की प्रकृति, सभी कुछ अज्ञात रहता था, अब इस तरह की पारदर्शिता लाई गई है कि चंदा देने वाले सभी व्यक्तियों को उनके द्वारा खरीदे गए बांडों की राशि अपने-अपने खातों में घोषित करनी होती है और सभी राजनीतिक पार्टियां घोषित करती हैं कि उन्होंने कितने बांड प्राप्त किए हैं।

*****